

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

जो वक्त का सही इस्तेमाल करता है,वो हर मंज़िल तक पहुंचता है। उम्मीद की किरण कभी बुझने मत दो,यही तो ज़िंदगी की असली रोशनी है।

गुरुवार 16 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 103 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

# बिहार में रग्बी का महामुकाबला, 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 650 से ज्यादा महिला और पुरुष खिलाड़ी हो रहे शामिल

## 16 से 21 अप्रैल तक राजगीर खेल अकादमी में श्सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चौंपियनशिप 2026 का आयोजन



**केशववाणी रानी सिन्हा / शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर ।** 16 से 21 अप्रैल तक राजगीर खेल अकादमी में सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चौंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि यह प्रतियोगिता महिला और पुरुष दोनों वर्गों के लिए है। महिला वर्ग में में 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें मुकाबला करेंगी, पुरुष वर्ग में 26 टीमें होंगी। दोनों को मिलाकर 650 से ज्यादा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। अगस्त 2025 में स्टेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स द्वारा एशिया रग्बी U–20 7एस चौंपियनशिप को सफलतापूर्वक आयोजित करने के बाद, यह एक साल से भी कम समय में बिहार में आयोजित होने वाला दूसरा बड़ा रग्बी इवेंट होगा। आगे श्री शंकरण ने कहा कि राजगीर में सीनियर नेशनल रग्बी 7एस चौंपियनशिप 2026 की मेजबानी करना बिहार के स्पोर्टिंग इकोसिस्टम के लिए एक और अहम मील का पत्थर है। पिछले साल एशिया रग्बी U–20 चौंपियनशिप को सफलतापूर्वक होस्ट करने के बाद, हमें देश के बेहतरीन रग्बी प्लेयर्स का राजगीर खेल अकादमी में वापस स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। हम एक रा.ॅमांचक चौंपियनशिप और बड़े स्पोर्टिंग इवेंट्स होस्ट करने की बिहार की क्षमता को फिर साबित करने के लिए उत्सुक हैं। आईआरएफयू के प्रेसिडेंट राहुल बोस ने कहा कि "सीनियर नेशनल रग्बी 7एस चौंपियनशिप भारतीय रग्बी के सबसे अच्छे रूप को दिखाती है, जो देश भर के टैलेंटेड खिलाड़ियों को सबसे ऊंचे लेवल पर मुकाबला करने के लिए एक साथ लाती है। हम 2026 एडिशन को राजगीर में लाकर बहुत खुश हैं, यह एक ऐसी जगह है जिसने पहले ही बड़े रग्बी इवेंट्स को होस्ट करने की अपनी क्षमता दिखाई है। मुझे विश्वास है कि ये चौंपियनशिप न केवल हमारे एथलीटों की क्वालिटी, बल्कि भारत में रग्बी की बढ़ती रफ़्तार को भी दिखाएंगी। विमेंस कैटेगरी 16–17 अप्रैल को शुरू होगी, जिसमें डिफेंडिंग चौंपियन बिहार 2025 में अपनी शानदार जीत के बाद वापस आएगा, जब उन्होंने फाइनल में ओडिशा को हराकर अपना दूसरा नेशनल टाइटल जीता था। ओडिशा, जो पिछले साल की रनर–अप और इंडियन विमेंस रग्बी की सबसे मजबूत टीमों में से एक है, ताज वापस पाने के लिए बेताब होगी, जबकि ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट महाराष्ट्र भी एक मजबूत कैंपेन की कोशिश करने वाली टीमों में से एक होगी।मेन्स कैटेगरी 20–21 अप्रैल को होगी। डिफेंडिंग चौंपियन पश्चिम बंगाल 2025 में अपना पहला नेशनल टाइटल जीतकर वापस आ रहा है, उसने एक रोमांचक फाइनल में हरियाणा को हराया। भारत की सबसे सफल रग्बी टीमों में से एक, हरियाणा एक बार फिर सबसे मज़बूत चौलेंजर्स में से एक होगा, जबकि ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट बिहार अपने घरेलू फ़ायदे का पूरा फ़ायदा उठाने की पूरी कोशिश करेगा। खेल विभाग बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण(बीएसएसए), और बिहार रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू / रग्बी इंडिया) द्वारा आयोजित इस चौंपियनशिप में देश भर के संबद्ध राज्य और केंद्र शासित प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करने के लिए मुकाबला करेंगे, साथ ही स्पीड, स्किल, टीमवर्क और खेल में बेहतरीन प्रदर्शन का नज़ारा भी दिखाएंगे। पूरी प्रतियोगिता का मैच शेड्यूल साथ में संलग्न किया जा रहा है ।



# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर हरनौत के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** बिहार में पहली बार भाजपा की सरकार बन गई है और मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए बिहार राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं।सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपा के नेताओं में खुशी की लहर देखी जा रही है। हरनौत बाजार निवासी भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शनि कुमार पटेल ने सम्राट चा.ैधरी को बधाई देते हुए कहा कि सम्राट चा.ैधरी के नेतृत्व में बिहार राज्य में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा की नई सरकार से रोजगार ,शिक्षा ,बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में ठोस कदम उठने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को स्थानीय विधायक हरिनारायण सिंह उनके पुत्र सह जदयू के जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू नेता रोहित सिंह, संतोष कुमार सिंह, कुशेश्वर सिंह, रवि शंकर कुमार,पिंटू साव, रोशन कुमार भाजपा के नेता मुकेश कुमार, मनोज कुमार मनोज कुमार सिन्हा, अशोक कुमार,भाजपा नेत्री शोभा कुमारी समेत दर्जनों लोगों ने बधाई दी है।

# सम्राट चौधरी बने बिहार के नए मुख्यमंत्री, राज्य की राजनीति में नए दौर की शुरुआत

## बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली

## पहली बार बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री, इतिहास रचा



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना।** बिहार की राजनीति में बुधवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब सम्राट चौधरी ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल अता हसनैन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। करीब दो दशकों तक सत्ता में रहे नीतीश कुमार के बाद यह बदलाव राज्य की रा.जनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। समारोह में कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी रही, जिनमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, बीएल संतोष सहित अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। इस नई सरकार के गठन के साथ बिहार में सत्ता संतुलन का समीकरण भी बदलता नजर आ रहा है। खास बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार राज्य में मुख्यमंत्री पद हासिल किया है, जो पार्टी के लिए एक बड़ी राजनीतिक उपलब्धि मानी जा रही है।1980 में स्थापना के बाद से भाजपा ने बिहार में लगातार संगठन विस्तार और जनाधार मजबूत करने पर काम किया। लंबे समय तक सहयोगी दल के रूप में रहने के बाद अब पार्टी नेतृत्व की भूमिका में आई है, जिसे राजनी.तिक दृष्टि से एक निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। हालांकि, राज्य की राजनीति में गठबंधन की भूमिका अभी भी महत्वपूर्ण बनी हुई है। नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती सत्ता संचालन के साथ–साथ सहयोगी दलों के बीच संतुलन बनाए रखने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा के लिए यह दौर बेहद अहम साबित होगा, जहां उसे अपने नेतृत्व और नीतियों के माध्यम से जनता का विश्वास बनाए रखना होगा।






# 3.5 लाख खाते खोलकर नालंदा डाक मंडल ने रचा इतिहास, बिहार में हासिल किया पहला स्थान

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा डाक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में पहला स्थान हासिल किया है। मंडल ने रिकॉर्ड 3.5 लाख नए खाते खोलकर राज्य में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंडल कार्यालय में केक काटकर खुशी का इजहार किया गया। मंडल निरीक्षण के दौरान मौजूद डाक निदेशक सेवाएँ, बिहार सर्किल श्री पवन कुमार ने नालंदा मंडल की इस सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क, समर्पण और सतत प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर डाक अधीक्षक, नालंदा श्री कुंदन कुमार ने कहा कि यह सफलता सभी कर्मियों के सामूहिक प्रयास और दिन–रात की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने मंडल के प्रत्येक कर्मचारी को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की बात कही।



कार्यक्रम में सर्किल कार्यालय के डाक निरीक्षक के अलावा नालंदा मंडल के डाक निरीक्षक (पूर्वी) रंजीत कुमार रजक, डाक निरीक्षक (उत्तरी) विकास राय, डाक निरीक्षक (पश्चिमी) इन्द्रेश विक्रांत, परिवाद निरीक्षक अभिषेक कुमार, पोस्टमास्टर बिहारशरीफ मनीष कुमार आनंद, डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार एवं संजय कुमार सहित मंडल के सभी डाक कर्मी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर पूरे मंडल में उत्साह का माहौल है और सभी कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं।



# कतरीसराय में बाबा साहेब की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**केशववाणी कतरीसराय (नालंदा)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कई स्थानों पर बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मै. राबरीठ पंचायत के बरीठ गांव तथा बिलारी पंचायत के कमल बिगहा गांव में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। बरीठ गांव में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए जिप सदस्य कौशलेंद्र प्रसाद एवं अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। वर्तमान समाज में जो सामाजिक समरसता देखने को मिल रही है, वह उनकी दूरदर्शी सोच और संविधान में किए गए प्रावधानों का ही परिणाम है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि बाबा साहेब के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के विकास में योगदान दें।वहीं पूर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद, मुखिया पति अनिरुद्ध कुमार उर्फ अन्नु, भाजपा मंडल अध्यक्ष रौशन कुमार तथा सन्नी कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के विच. ारों को जीवन में अपनाना आवश्यक है। उन्हा. ेने शिक्षा को विकास की पहली सीढ़ी बताते हुए कहा कि "शिक्षित बनें और संगठित बनें" का संदेश आज भी प्रासंगिक है। इस मौके पर रवि रंजन उर्फ पप्पू पासवान, संजय पासवान, पवन पासवान, टुनटुन ठाकुर, रंजीत चौधरी, मिथलेश पासवान, शंकर रविदास, सोनू पासवान, आजाद, कुंदन सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नालंदा की घटनाओं पर भड़का जनसुराज – सरकार पर कानून व्यवस्था, बुलडोजर नीति और शराबबंदी को लेकर बड़ा हमला

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में हाल के दिनों में हुई घटनाओं को लेकर जनसुराज नेता उपेंद्र कुमार विभूति ने बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने बिहार शरीफ जनसुराज कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर कहा कि राज्य में कानून–व्यवस्था की स्थिति चिंता. जनक होती जा रही है और सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने में विफल रही है। विभूति ने कहा कि जब सम्राट चौधरी के पास गृह विभाग था, तब भी कई गंभीर घटनाएं सामने आईं। उन्होंने शीतला मंदिर में भगदड़ की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण कई महिलाओं की जान चली गई। इसके अलावा नूरसराय में दिनदहाड़े एक महिला के साथ छेड़खानी और नालंदा में 17 वर्षीय छात्रा के साथ कथित रूप से बंदूक की नोक पर दुष्कर्म एवं बाद में उसकी हत्या जैसी घटनाओं को उन्होंने कानून–व्यवस्था की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर बुलडोजर अभियान चलाया गया, लेकिन इसका असर केवल गरीब और फुटपाथ पर जीविकोपार्जन करने वाले लोगों पर ही पड़ा। बड़े अतिक्रमणकारियों और प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ, पटना और अन्य नगर निकाय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण आज भी कायम है। राजगीर में आगामी मलमास मेले की तैयारियों को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए। विभूति ने कहा कि वर्ष 2015 में मेले के लिए 73 एकड़ 3 डिसमिल भूमि का बंदोबस्त किया गया था, लेकिन वर्तमान में मेला क्षेत्र घटकर लगभग 41 एकड़ रह गया है, जबकि शेष भूमि पर बड़े–बड़े होटल बन गए हैं। उन्होंने इसे सरकार की दोहरी नीति करार दिया। विभूति ने राज्य में लागू शराबबंदी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसके बावजूद पूरे बिहार में शराब की अवैध आपूर्ति जारी है और यह एक समानांतर व्यवस्था बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस व्यवस्था में हजारों लोग संलिप्त हैं और इससे राज्य को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।



उन्होंने कहा कि राज्य का खजाना खाली होता जा रहा है और शिक्षकों सहित कई कर्मचारियों को समय पर वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भी सीमित अधिकारियों के भरोसे सरकार चलती थी, और अब नई सरकार के सामने भी वही चुनौतियां हैं। अंत में उन्होंने कहा कि जनता इन सभी मुद्दों का जवाब आने वाले समय में जरूर मां. गेगी। इस मौके पर अंबेडकर विचार मंच जनसुराज के जोनल प्रभारी सत्येंद्र पासवान, नालंदा के जोनल प्रभारी उपेंद्र कुमार यादव, राहुल कुमार एवं शिव शंकर प्रसाद सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।












# कतरीसराय में सड़क हादसा : बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**केशववाणी कतरीसराय (नालंदा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिलारी गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय धनंजय कुमार की मौत हो गई। वे स्वर्गीय कैलाश महतो के पुत्र थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने राज्य उच्च मार्ग–71 (SH–71) पर बिलारी मोड़ के समीप सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धनंजय कुमार प्रतिदिन की तरह सुबह करीब पांच बजे सूर्य मंदिर में दर्शन करने और बगीचे में टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान गांव के पास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर नामक निजी विद्यालय के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात बालू लदे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है कि धनंजय कुमार परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो बेटे हैं, जिनका अब सहारा छिन गया है। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने राज्य उच्च मार्ग–71 को जाम कर अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने की मांग को लेकर



प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर प्रतिदिन अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर तेज गति से चलते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और पीएसआई मुकुंद भारती मौके पर पह. ुचे। उन्होंने पहले अस्पताल जाकर परिजनों से मुलाकात की, उसके बाद जाम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा–बुझाकर करीब एक घंटे बाद जाम हटवाया। इस दौरान अंचल कार्यालय से पहुंचे पदाधिकारी ने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की और आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध बालू कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।



# ऑटो चालक समेत एक युवती हुई जख्मी, इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** इन दिनों हरनौत में तेज रफ्तार का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यही कारण है कि आए दिन लगातार छोटी बड़ी घटनाएं सड़क पर हो रही है। वही हरनौत थाना अंतर्गत हरनौत बाजार के रूपसपुर गांव के पास सरदार पटेल एकता चौक पर बुधवार की दोपहर लगभग 12रू30 बजे एक सीएनजी ऑटो ने अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में धक्का मार दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बिहार शरीफ के तरफ से तेज गति से एक सीएनजी ऑटो हरनौत बाजार की तरफ जा रहा था। जैसे ही सरदार पटेल चौक पर पहुंचा तो गोनावा – सक्सोहरा के तरफ से एक ई रिक्शा बीच में आ गया। ई–रिक्शा को बचाने के चक्कर में ऑटो ने अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क के किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो चालक और ऑटो पर सवार एक लड़की जख्मी हो गए। और सीएनजी ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।घटनास्थल पर आस पास के सैकड़ो लोगों की भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंच गई। उसके बाद पुलिस के द्वारा दोनों को इलाज के लिए कल्याण बीघा रेफरल अस्पताल भेजा गया। फिलहाल जख्मी की पहचान नहीं हो पाई है। वही कुछ स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि हरनौत बाजार में इन दिनों बिना नंबर प्लेट के सीएनजी ऑटो धड़ले से चल रहे हैं। साथ ही ई रिक्शा को छोटे–छोटे बच्चे चला रहे हैं जिसके वजह से सड़क पर अकसर घटनाएं होती रहती है।

# नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद कल्याण बिगहा में पसरा सन्नाटा, ग्रामीणों में मायूसी

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** बिहार के मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद उनके पैतृक गांव हरनौत प्रखंड के कल्याण बिगहा में गम और सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव की गलियों में हर ओर इसी बात की चर्चा हो रही है और लोगों के चे. हरों पर मायूसी साफ देखी जा सकती है।




ग्रामीणों ने बताया कि यह माहौल ऐसा है मानो किसी अपने के दूर चले जाने का दर्द हर किसी के मन में है। अवधेश कुमार सिंह, कक्कू सिंह, भूषण, शुभम, अजय, ओमप्रकाश, जयेश और आंसू सहित कई ग्रामीणों ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने पूरी ईमानदारी के साथ बिहार को एक नई पहचान दी है, जिसे लोग कभी नहीं भूल पाएंगे। वहीं, उनके पुत्र निशांत कुमार को उपमुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने को लेकर भी ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि नीतीश कुमार के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और उनके इस्तीफे से गांव में भावनात्मक माहौल बना हुआ है।









# सबनहुआडीह में महायज्ञ को ले निकली कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब ,351 महिला श्रद्धालुओं ने की जलबोझी

## 15 से 23 अप्रैल तक चलेगी शत चंडी महायज्ञ, एसडीएम–डीएसपी ने किया निरीक्षण

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत के सबनहुआडीह स्थित बाबा बख्तौर मंदिर के पास नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ को ले बुधवार को श्रीरामजन्मभूमि अयोध्या धाम से पहुंचे यज्ञाधीश त्यागी बाबा की अध्यक्षता में यज्ञाचार्य यज्ञाचार्य आशुतोष मिश्रा( बनारस ) के वैदिक मंत्रोचार के बीच निकाली गई कलश यात्रा में आस्था व भक्ति का जन सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समा. जसेवी सुरेश सिंह,राजद प्रखंड संजीत कुमार उर्फ राय जी समेत अन्य मौजूद थे। वहीं समिति के अवधेश भगत,कुमोद भगत,साको भगत,अशोक कुमार आदि ने बताया कि घोड़े व डीजे बाजे के साथ 351 कन्याओं से सुसज्जित कलश यात्रा की शुरुआत यज्ञ स्थल से चलकर रांची रोड से बख्तियारपुर गंगाजी तट के ग्यासपुर घाट सुरक्षित वाहन से पहुंची। जहां विधिवत पूजन के साथ जल भरी की गई। जिसके बाद कलश यात्रा सुरक्षित से डिहरगीगढ स्थित नई पेट्रोल पंप पह.ुचे।वहां से महिला एवं कन्याकुमारी श्रद्धालु सर पर कलश लेकर रांची होते हुए सीघा मुख्य बाजार होते हुए चंडी मोड़,गोगीपर मुहल्ला ,बीच बाजार होते हुए पुनः रांची रोड़ होकर सबनहुआ. डीह स्थित यज्ञशाला परिसर पहुंची। कलश यात्रा में उस समय आस्था भारी पड़ी जब चिलचिलाती धुप व सड़क पर जलते पांव के वावजूद कलश यात्रा में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। कड़ी धूप में नंगे पांव चल रहे कलश यात्रियों का उत्साह देखते बन रहा था। इस दौरान जय माता दी, हर हर महादेव, जय श्रीराम,जम बाबा बख्तौर,जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातारण भक्तिमय हो गया था।इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए शर्बत की भी व्यवस्था समिति कि ओर से की गयी थी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बताया कि नौ दिवसीय महायज्ञ के दौरान संध्या 7 बजे से उत्तर प्रदेश से पधारें कथावाचक आचार्य राम प्रवेश महाराज जी भागवत व राम कथा कहेंगे। प्रवचन में आरती के बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा रासलीला का भी मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ दिवसीय महायज्ञ के अंतिम दिन(23 अप्रैल )अतिथि व संतों का विदाई दी जाएगी।इसके बाद वार्षिक बाबा बख्तौर पुजा को लेकर 25 अप्रैल को जागरणा एवं 26 को पूजा का आयोजन होगा। जिसमें नालंदा,पटना, नवादा, शेखपुरा समेत अन्य जिलों के तकरीबन 25 से 30 हजार लोगों के बीच रसिया का वितरण किया जाएगा।



**एसडीएम व डीएसपी ने लिया जायजा**

नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर यज्ञ परिसर में 16 स्तंभों के सहारे तीन तल्ला यशशाला तथा उसके ऊपर मंदिर बनाई गई है।सभी बांस और पुस के सहारे मुजफ्फरपुर के कारिगर द्वारा पगोडा के स्टाइल में बनाई गई है।साथ ही साधु–संत व विज्ञानों के ठहरने के लिए कुटिया बनाई गई है।साथ ही भागवत कथा ,प्रवचन एवं रासलीला मंचन के लिए में भव्य पंडाल बनाई गई है। जबकि सुरक्षा–व्यवस्था के लिए हरनौत थाना पुलिस की ओर से लाठी बल की तैनाती की गई। वहीं बुधवार को बिहारशरीफ एसडीएम किसलय श्रीवास्तव एवं बिहारशरीफ सदर एसडीपीओ–2 संजय कुमार जायसवाल समेत अन्य यज्ञ परिसर में पहुंचकर समितियों के लोगों से जानकारी ली। इस दौरान विभिन्न दिशानिर्देश भी पुलिस–प्रशासन ने दिया।वहीं इस धार्मिक आयोजन को लेकर सबनहुआडीह, सवनहुआ,हासनचक,डिहरी गढ़, माधोपुर–सबनहुआ समेत अन्य क्षेत्रों में भक्ति गीतों समेत यज्ञ के विभिन्न अनुष्ठान से भक्तिमय है। वहीं कलशयात्रा के दौरान बनारस से पधारे कौशल्या नंदन,दिपक उर्फ डमरू बाबा व मौनी बाबा जबकि ग्रामीणों में महेंद्र यादव,राणा यादव,राजमनी सिंह यादव, चंद्रेश्वर यादव,राजपति देवी,गिरिजा देवी ,सूरयकांती कुमारी,जामुन यादव, पिंकी देवी,मौला कुमारी,मीना देवी, प्रमोद कुमार समेत अन्य मौजूद थे।





# पोषण पखवाड़ा के तहत चोरसुआ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय गिरियक के तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 172, चोरसुआ (वार्ड संख्या 10) में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान आईसीडीएस पटना के निर्देशानुसार 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य, स्वच्छ खान–पान और संतुलित पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दौरान मातृ पोषण, बाल स्वास्थ्य एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में सीडीपीओ, कंप्यूटर ऑपरेटर, सेविका गुड़िया कुमारी एवं सहायिका गुड़िया कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस मौके पर "पौष्टिक आहार, बच्चों का अधिकार", "पोषण पखवाड़ा से बेहतर होगा स्वस्थ आधार" और "सही खाएं, से. हतमंद जीवन अपनाएं" जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि संतुलित आहार और सही पोषण अपनाकर ही एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।




# बिहार में उदय हुआ कमल युग मशहूर कलाकार मधुरेंद्र ने तरबूज पर सम्राट को दी यूं बधाई, वीडियो हुई वायरल

## तरबूज पर उकेरी राजनीति की तस्वीर: सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की अनोखी कला से सीएम सम्राट चौधरी को बधाई

**केशववाणी पटना।** कला और रचनात्मकता का अद्भुत संगम एक बार फिर देखने को मिला जब देश के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अपनी अनोखी प्रतिभा से सबको चौंका दिया। बिहार में एनडीए विधायक दल के नेता के रूप में सम्राट चौधरी के चयन के बाद उन्होंने तरबूज पर शानदार कलाकृति बनाकर उन्हें अनोखे अंदाज में बधाई दी हैं। बुधवार को बिहार के नये मुख्यमंत्री के रूप शपथ ग्रहण के पूर्व ही इंटरनेशनल सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने करीब 10 घंटे की कड़ी मेहनत से 6 किलो 800 ग्राम के बड़े तरबूज पर बेहद बारीक नक्काशी की है। उन्होंने अपनी तेज धार वाले चाकू से इतनी सूक्ष्म कला उकेरी कि उसमें बिहार के लिए भाजपा के प्रथम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की स्पष्ट और आकर्षक तस्वीर उभरकर सामने आई। खास बात यह रही कि इस कलाकृति में उन्हें कमल के साथ उदय होते हुए दर्शाया गया, जो भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह भी है। कलाकार मधुरेंद्र द्वारा इस बेहद खूबसूरत कलाकृति पर "बधाई हो सम्राट" संदेश भी उकेरा गया, जिसने इसे और खास बना दिया। यह पहली बार माना जा रहा है कि बिहार में किसी कलाकार ने इस तरह तरबूज पर इतनी राजनीतिक और प्रतीकात्मक कला प्रस्तुत की हो। मधुरेंद्र अक्सर कभी रेत पर तो कभी पीपल के हरे पत्तों पर तो कभी मिट्टी पर लेकिन इस बार अपने नए प्रयोग में एक तरबूज पर अपनी कला के जरिए देश की महान हस्तियों को सम्मान देते हुए नजर आये हैं।




इस अनोखी कला का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। आम लोगों से लेकर कई राजनीतिक हस्तियों तक ने मधुरेंद्र की इस रचनात्मक पहल की जमकर सराहना की है। मधुरेंद्र कुमार की यह कलाकृति न सिर्फ उनकी कला कौशल का उदाहरण है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कला के माध्यम से सामाजिक और राजनीतिक संदेश कितने प्रभावशाली तरीके से दिए जा सकते हैं।

